दिनांक 28.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ लोक सुराज अभियान के लक्ष्य समाधान शिविर शासकीय प्राथमिक शाला सेक्टर–07 में छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत 17 हितग्राहियों को गैस चुल्हा का वितरण किया गया। जोन अध्यक्ष सूर्यकान्त सिन्हा तथा आयुक्त के0एल0 चौहान ने महिला एवं बाल विकास की योजना गोद भराई में सहभागी बनें।

शिविर में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कौशल प्रशिक्षण प्राप्त तीन युवाओं को प्लेसमेंट के तहत् नियुक्ति की प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। मंत्री श्री पाण्डेय एवं आयुक्त श्री चौहान तथा जोन अध्यक्ष श्री सिन्हा शिविर में लगाये गये सभी विभागों के काउंटर पर पहुंचकर लोक सुराज के आवेदनों के निराकरण की जानकारी लिये तथा शिविर में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिये। शिविर में स्मार्ट कार्ड बनाने हेतु 22, विभिन्न प्रमाण–पत्र बनाने लोक सेवा केन्द्र से 30 आवेदन जारी किये गये ट्राईसायकल हेतु 80 दिव्यांगों को फार्म प्रदान किया गया है। शिविर में पार्षद शिवप्रकाश शिबू, दिनशा तुमाने सहित निगम, जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी तथा स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जनसम्पर्क विभाग